दिन—गुरूवार दिनांक— 16 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप—मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज तारापुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। दानापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के रामकृपाल यादव ने अपना पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ मौजूद थे। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्य नाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच एक साझी विरासत है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बिहार में काफी विकास किया है। इधर, बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नितिन नवीन ने पर्चा दाखिल किया। श्री नवीन के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद थे। जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने सरायरंजन सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जनशक्ति जनता दल के तेज प्रताप यादव ने आज महुआ विधानसभा क्षेत्र से अपना पर्चा दाखिल किया।

———————————————————

जनता दल युनाइटेड ने आज विधानसभा चुनाव के लिए चौवालीस उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। पार्टी ने कई निवर्तमान विधायकों को फिर से टिकट दिया है। पार्टी ने मंत्री लेशी सिंह, जयंत राज, सुमित कुमार सिंह और शीला मंडल को विधानसभा चुनाव के लिए फिर से उम्मीदवार बनाया है। पूर्व सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी, महाबली सिंह और बुलो मंडल को भी इस बार मौका मिला है। महाबली सिंह काराकट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे गोपाल मंडल इस बार टिकट पाने में असफल रहे। शिवहर से जदयू सांसद लवली आनंद के बेटे चेतन आनंद औरंगाबाद की नबीनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। चेतन आनंद शिवहर से मौजूदा विधायक हैं, लेकिन इस बार उन्हें नबीनगर से उम्मीदवार बनाया गया है। अन्य प्रमुख नामों में, बिहार विधानसभा के पूर्व

अध्यक्ष स्वर्गीय सदानंद सिंह के बेटे शुभानंद मुकेश कहलगांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अठारह उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही पार्टी ने अपने हिस्से की सभी एक सौ एक सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। तीसरी सूची में पार्टी ने नरकटियागंज से संजय पांडे, चनपटिया से उमाकांत सिंह और चिरैया से लालबाबू प्रसाद गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है। बीना देवी कोचाधामन सीट से, सतीश कुमार यादव राघोपुर से और मुरारी पासवान पीरपैंती से चुनाव लड़ेंगे।

———————————————————————

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने कोटे की छह में से चार सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सासाराम से श्री कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, दिनारा से आलोक कुमार सिंह, उजियारपुर से प्रशांत पंकज और मधुबनी से माधव आनंद को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के कोटे की दो सीट बाजपट्टी और पारू विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हुई है।

———————————————————————

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट समझौते को लेकर खींचतान की स्थिति बनी हुई है। गतिरोध समाप्त करने को लेकर कांग्रेस की एक महत्त्वपूर्ण बैठक दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हो रही है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी समेत बिहार कांग्रेस के भी कई नेता मौजूद है। इधर, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा है कि वे आज शाम चार बजे एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे जिसमें आगे की रणनीति पर वे जानकारी देंगे।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रसारण समय आवंटित करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर के दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर मुफ्त प्रसारण और प्रसारण समय के लिए डिजिटल वाउचर आवंटित

किए हैं। इसके अंतर्गत, प्रत्येक दल को दूरदर्शन और आकाशवाणी दोनों पर पैंतालीस मिनट के निर्धारित समय के साथ मुफ्त प्रसारण की सुविधा प्रदान की गई है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।